संतोष कुमार मल्ल, भा.प्र.से.
आयुक्त
Santosh Kumar Mall, I.A.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

01 जनवरी 2020

नव वर्ष का शुभकामना संदेश

केंद्रीय विद्यालय संगठन के समस्त सेवारत एवं सेवानिवृत सम्मानित शिक्षक, शिक्षणेत्तर कार्मिकवृन्द, उनके परिजन, सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को नव वर्ष 2020 की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए, मैं, आप सभी के स्वस्थ, समृद्ध व मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ । आशा करता हूँ कि नववर्ष हमारे जीवन में एक नया विश्वास व नई ऊर्जा का संचार करेगा और हम जीवन के प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर होते रहेंगे।

शिक्षा जगत में केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुझे यह कहते हुए अपार हर्ष और गर्व हो रहा है कि हमारे कर्मठ साथियों के अहर्निश परिश्रम एवं लगन से हमने अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। संगठन ने विगत वर्षों में तीव्र गति से अपना विस्तार किया है और केंद्रीय विद्यालयों की संख्या वर्तमान में 1229 पर पहुँच गई है। संगठन के शिक्षक व कार्मिक चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करने में सक्षम हैं। हमारे कार्य निष्पादन की कोटि, गुणवत्ता और लोकप्रियता के परिणामस्वरूप देश के जनमानस का आकर्षण केंद्रीय विद्यालयों की ओर तीव्रता से बढ़ रहा है। मुझे विश्वास है कि हम जनभावनाओं के अनुरूप बढ़ती अपेक्षाओं और दायित्वों का निर्वहन करने में हमेशा की भांति सफल रहेंगे।

आइए, हम सब मिलकर बाधाओं को दरकिनार कर केंद्रीय विद्यालयों को विश्व स्तरीय संस्थानों के रूप में प्रतिष्ठित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

पुनश्च मंगलकामनाओं सहित।

भवनिष्ठ

संतोष

संतोष कुमार मल्ल
आयुक्त